डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | माघ कृष्ण पक्ष,14 2082 | भोपाल,दिन शनिवार,दिनांक 17 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

भोपाल में 2 महीने की गर्भवती युवती ने सुसाइड किया

भोपाल। हबीबगंज इलाके में रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दो महीने की गर्भवती थी। आत्महत्या से पहले उसने अपनी मां को कॉल कर बताया था कि पति से विवाद चल रहा है। उसने कहा था कि वह दो दिनों से खाना नहीं खा रही है। सास उसे प्रताड़ित करती है, ताने मारती है और दहेज में कुछ नहीं लाने पर कोसती है। उसने यह भी कहा कि कोई उसका साथ नहीं दे रहा है और "मैं जा रही हूं।" इसके बाद कॉल डिस्कनेक्ट हो गया। बाद में परिवार को उसकी मौत की खबर मिली।

जहां बाल मृत्युदर बढ़ी यहां सीएमएचओ होंगे जिम्मेदार

भोपाल। मध्य प्रदेश में जहां भी बाल मृत्युदर बढ़ेगी वहां के जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को जिम्मेदार माना जाएगा। इसके लिए जिले में होने वाली बाल मृत्युदर की रिपोर्टिंग कर समयबद्ध मासिक समीक्षा की जाएगी। वर्तमान में शत प्रतिशत बाल मृत्युदर की समीक्षा में संभाग की दृष्टि से उज्जैन और जिलों में मंदसौर-जबलपुर की स्थिति बेहतर है। सतीं राजगढ़-बारगी विषये है। लगातार मासिक समीक्षा में सागर की स्थिति निराशाजनक है। मुख्य परिषद अनुपम जैन ने नाराजगी व्यक्त की है।

सीएम ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की शुभकामना दी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 जनवरी 2016 को राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में स्टार्टअप इंडिया लांच किया था। हमारे देश के युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनकर सफलता की नित नए अध्याय लिख रहे हैं। स्टार्ट अप इंडिया सिस्टम से देश में मध्य प्रदेश अग्रणी है। 2 के सभी जिलों में 6,600 से अधिक स्टार्ट अप सक्रिय है।

असम के छात्र से मारपीट, मुख्यमंत्री नाराज

भोपाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, शहडोल में असम के विद्यार्थी के साथ हुई मारपीट पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि किसी भी आरोपित को छोड़ा नहीं जाएगा। असम के विद्यार्थी के साथ अराजकता में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी जिम्मेदारी लेते हुए आरोपित छात्रों के विरुद्ध अपने स्तर पर आवश्यक कदम उठाए हैं। भाषा

महाराष्ट्र ने अवसरवादी राजनीति नकारीरू

भोपाल।महाराष्ट्र में निकाय चुनावों में महायुति की प्रचंड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया

विकास पर मुहर लगाता है नकारात्मक अवसरवादी और परिवारवादी राजनीति को खारिज किया है।

मंत्रालय के सामने कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन भोपाल: वीआर समयमान वेतनमान, मंत्री स्थापना और मंत्रालय स्थापना में लगे आकस्मिकता निधि कर्मचारियों को नियमित करने

बड़ी सौगात

सीएम ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में की घोषणाएं

मिलेगा 7वां वेतनमान, रिटायरमेंट की उम्र भी 60 से बढ़ाकर 62 की

सीएम ने पंचायत सचिवों की तारीफ करते हुए कहा कि यह रामराज में हनुमान की भूमिका निभाते हैं

पंचायत सचिवों की सेवा शर्तों के लिए बनेगी समिति

डीआर संवाददाता।। भोपाल

पंचायतों में कागजों को जमीन पर पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों को सातवां वेतनमान दिया जाएगा। उनकी रिटायरमेंट की उम्र भी 60 से बढ़ाकर 62 कर दी गई है। पंचायत सचिवों की शर्तों में बदलाव के लिए समिति का गठन भी किया जाएगा, जिससे पंचायत सचिवों को अधिक से अधिक फायदा मिल सके।

यह घोषणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में की। उन्होंने पंचायत सचिवों की तारीफ करते हुए कहा कि यह रामराज में हनुमान की भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि नौकरी के दौरान पंचायत सचिव की मृत्यु होने पर परिवार को पी

जाने वाली 15 लाख रुपए की सहायता राशि अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि नौकरी के साथ ग्रामीण जनता में भी उत्साह बढ़ाने का प्रयास कर रही है

अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर नहीं ली जाएगी सहायता राशि वापस

कागजों से जमीन पर योजनाओं को पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों की तारीफ

जिला स्तर पर होगा कैडर का गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सचिवों के लिए जिला स्तर पर कैडर का गठन किया जा रहा है। उन्हें सभी आधुनिक तकनीकी संसाधन दिए जा रहे हैं। पंचायतों को सम्मान, संसाधन और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए अलग भवन और सामुदायिक भवनों का निर्माण भी किया जा रहा है।

सचिवों की नौकरी नहीं जनसेवा का अवसर

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवों का दायित्व केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का पवित्र अवसर है। वहीं पंचायत सचिव संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पटेल ने मुख्यमंत्री के निर्णयों को पंचायत सचिवों के सम्मान के लिए अहम कदम बताया।

कृषि कल्याण वर्ष, पंचायत सचिवों की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में पंचायत सचिवों की भूमिका अहम है। डिजिटल युग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गांव की दुनिया में बदलाव हालात दिखते हैं, लेकिन गांवों में मोबाइल फोन को लेकर अब तक तो चुनौती का मजबूती से सामना किया है।

खराब खाने से नाराज 300 छात्र सड़क पर हॉस्टल से निकले, 8 किमी पैदल

डीआर संवाददाता।। हरदा

हरदा जिले के सहारनपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के करीब 300 छात्रों ने शनिवार सुबह खराब भोजन और अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्र सुबह 4 बजे हॉस्टल से निकलकर पैदल ही हरदा कलेक्टर से शिकायत करने चल दिए। वे करीब 8 किलोमीटर चलकर सोहलपुर पहुंचे, जहां नेशनल हाईवे पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने उन्हें रोक लिया। फिलहाल कलेक्टर और अन्य अधिकारी सड़क पर बैठकर छात्रों की समस्याएं सुन रहे हैं।

छात्र विद्यालय की प्राचार्य शोभिया आनंद के खिलाफ नारे लगाते हुए प्राचार्य शोभिया आनंद हाय-हाय के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। उनकी नाराजगी हॉस्टल में मिल रहे खराब स्तर के भोजन और अन्य सुविधाओं से कमी को लेकर है। इसी के चलते वे असुरक्षा ही हॉस्टल छोड़कर जिला मुख्यालय की ओर कूच कर गए।

सोहलपुर में अधिकारियों ने रोका

छात्रों के पैदल मार्च की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। छात्र हॉस्टल से करीब 8 किलोमीटर की दूरी तय कर सोहलपुर तक पहुंच गए थे। यहां कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, एसडीएम, तहसीलदार, टिमरनी थाना प्रभारी और एसडीओपी सहित सभी आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे।

बैरसिया में 6 नई एफ, भाजपा नेता व सरपंच पति मीना पर अवैध कॉलोनी काटने का केस

सरपंच पति और भाजपा नेता शेरू मीना के खिलाफ एफआईआर दर्ज

डीआर संवाददाता।। भोपाल

विदिशा जिले स्थित नौपराकलां गांव में अवैध कॉलोनी काटने के मामले में जिला प्रशासन ने सरपंच पति और भाजपा नेता शेरू मीना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इधर, अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत शुक्रवार को देर रात बैरसिया क्षेत्र में 6 नई अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर दर्ज हुई। प्रशासन की तैयारी कुल 113 अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की है।

शुक्रवार को जिला रेरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, वह पहले भी बिल्डरों ने रद्द है। 2023 में रेरा पर गांव की कॉलोनी के साथ मारपीट और उसके मुंह पर पेशाब करने जैसे संगीन आरोप लगे थे। इस मामले में कई लोग भी जमा कराया था। प्रशासनिक रिकॉर्ड से सुनीलेक, शेरू मीना पर अब तक 12 से अधिक एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। प्रशासन ने शुक्रवार से सोमवार कुलकोल कार्रवाई शुरू करने का दावा किया था, लेकिन पूरे दिनभर में तोड़फोड़ नहीं हुई। इसके पीछे जरूरी बैठकों पर हवाला दिया गया। अब प्रशासन का कहना है कि नए सिरे से कार्यवाही बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

इधर, जांच में सामने आया है कि कोलार, गोविंदपुरा, एमपी नगर और रोजाना सेवी में अब भी कृषि भूमि पर कब्जे से कॉलोनी की जा रही है। इन इलाकों में सैकड़ों की जमीन पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों के फोटो टीएनसी ने सोशल कॉलोनियों के बाहर बोर्ड पर देखे जा रहे हैं। सूचि में इतनी नगरीय क्षेत्र में आती है, इसलिए यहां एफआईआर निरंतर की करना है।

अवैध कॉलोनियों की भरमार, लेकिन कार्रवाई नहीं

विदिशा कलेक्टर और बैरसिया तहसील में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई तेज है, लेकिन कोलार, गोविंदपुरा, एमपी नगर और दौराहा सहित के एसडीएम अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करने के सामने गंभीर नजर नहीं आ रहे। उधरीं, कलेक्टर इस मुद्दे पर पहले ही नाराजगी जता चुके हैं। कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर उदयवीर सिंगल सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

साढ़े तीन साल की बच्ची को गर्म वस्तु से जलाया

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल में एक साढ़े तीन साल की बच्ची को जलाने का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने शिकायत दर्ज कराई है। घटना की शिकायत 14 जनवरी को थाने में दर्ज कराई गई है।

आरोप लगाया है कि मेरी बेटी कालखेड़ और उसके साथ रहने वाला युवक विजयपाल बच्ची के साथ मारपीट करते हैं। उसे गर्म वस्तु से जलाया गया है।

आवेदन के आधार पर पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया और प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार कालखेड़ कुछ समय पहले घर छोड़कर चली गई थी।

थाने में वापस लौट आई। लौटने पर मां शिवानी ने कारण पूछा तो बताया कि उसकी विजयपाल रह रहा था।

इसी दौरान बच्ची के शरीर पर जलने के निशान देखे गए। मेडिकल जांच में जलने की पुष्टि होने के बाद मामले में विधिवत कार्रवाई की गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बच्ची को जानबूझकर जलाया गया या लापरवाही में यह घटना हुई, इसकी विवेचना जारी है।

पुलिस का कहना है कि कालखेड़ और विजयपाल के संबंधों को लेकर भी जांच की जा रही है। दोनों बीच—पत्नी हैं या नहीं, या प्रेम संबंध था, यह तथ्य विवेचना के बाद ही स्पष्ट होगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी आज विदिशा में देंगे सौगात

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि 17 जनवरी का दिन मध्यप्रदेश के लिए सौगात भरा होगा। इस दिन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रम में 4,400 करोड़ रुपए से अधिक लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 181 किलोमीटर लंबी 11 परियोजनाएं मध्य भारत एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती प्रदान करेंगी और प्रदेश के सड़क एवं परिवहन अवसंरचना विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश उन्हें मिल रही ये परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक गतिविधियों को विस्तार, आवागमन की सुगमता और आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान करेंगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और कुशल, प्रशिक्षित चालकों की

खूबसूरत लड़की दिख जाए तो... दिमाग विचलित हो सकता है, रेप हो सकता है

डीआर संवाददाता।। भोपाल

गांधीवादी विचारक राहुल सिंह बरैया ने कहा- उनके (किसी अन्य धर्म के बच्चों में) प्रश्नों में लिखा है कि यदि अनुसूचित जाति समाज की महिलाओं के साथ कोई सहायता करता है, तो उसे कड़ी शर्तों के बराबर पुण्य मिलता है। जब उनसे पूछा गया कि यह बात कहां लिखी है, तो उन्होंने 'रहस्यमय लाल' नामक पुस्तक का जिक्र किया। वहीं नहीं, बरैया ने यह भी कहा कि रेप कोई अकेला



व्यक्ति नहीं करता, बल्कि चार-पांच लोग मिलकर करते हैं। इसी सोच के कारण चार महीने और दस महीने की बच्चियों तक के साथ रेप हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों के दिमाग में यह रहता है कि सहायता से उन्हें पुण्य का फल मिलेगा, इसलिए एकाकी—एकाकी—अर्ध बीसी समाज की बच्चियों इसका शिकार हो रही हैं। वह उन्होंने एक गीजिया से कुंटवालु से कहा है। लेखा प्रतिष्ठा उनका विचार ने कहा कि मैं समझता हूं कि सिंह बरैया ने जो कहा वो टिप्पणी उचित नहीं है। भाजपा नेता और राष्ट्रीय सांसद सुनिल दालमीकि ने बरैया के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि महिलाओं और धर्मगुरुओं का गलत हवाला देना

इंदौर में राहुल गांधी की मीटिंग को नहीं मिली मंजूर

डीआर संवाददाता।। भोपाल

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को प्रशासन से अनुमति नहीं मिल पाई है।

कांग्रेस ने प्रदेशभर के मंत्रियों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व पार्षदों के साथ राहुल गांधी की बैठक के लिए अनुमति प्रशासन और आनंद मोहन माथुर सभागार में कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। इसके लिए करीब एक हजार लोगों की मौजूदगी की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक को मंजूरी नहीं दी।

कांग्रेस बोली- अनुमति नहीं मिलने से बैठक रद्दे

कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय जाजोरिया ने बताया कि प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण बैठक को रद्द करना पड़ा है। अब राहुल गांधी का इंदौर दौरा सीमित कार्यक्रम तक ही रहेगा।

अब सिर्फ पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे राहुल

राहुल गांधी इंदौर पहुंचने के बाद पहले सीधे हॉस्पिटल जाएंगे, जहां वे दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे।

राशि डाली | सीएम डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ की की राशि डाली

अधिक लाड़ली बहनों के खातों में माखन नॉर (बाबई) से सवा करोड़ से 1836 करोड़ रुपा, अंतरित

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ की जनवरी महीने की राशि अंतरित की। जनवरी 2026 तक में बहनों के खातों में 50 हजार करोड़ की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से प्रदेश की 29 लाख पात्र हितग्राही बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 10 करोड़ से अधिक अनुदान भी ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि सवा करोड़ से अधिक बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 32वीं किस्त का अंतरण कर गया था।

मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद

लाड़ली बहना भीमरी राठी दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद करती हूं। लाड़ली बहना योजना के तहत हम महिलाओं को 1500 रुपए की सहायता राशि मिल रही है। इस राशि से हम अपनी दैनिक आवश्यकताओं की जरूरतों सामग्री खरीद पा रहे हैं, जिससे हमारा जीवन आसान हुआ है। मुख्य यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से लाड़ली बहनों को दी जा रही है

बाबई—गोहासा औद्योगिक क्षेत्र का 1000 एकड़ भूमि का आवंटन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबई—गोहासा औद्योगिक क्षेत्र की 1000 एकड़ भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उद्योगों के लिए अब 400 एकड़ भूमि आवंटन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम का कलवरी रेलवे स्टेशन है। यहां भाषा निर्माण में उत्तीर्ण चुके कर 50 दीदियां लखपती बनी है। उज्ज्व सरकार ने वर्ष 2026 को लेकिन कल्याण वर्ष घोषित किया है। इस वर्ष कृषि को रोजगार और उद्योग से जोड़ा जाएगा। बहनों को प्रशिक्षण देकर स्व—सहायता समूह से जोड़ेंगे। किसानों को रोपू, खाद और दालों का उचित मूल्य दिलवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने 42 हजार हेक्टेयर की कमल—सरवा सिंचाई परियोजना शुरू होगी।

पुलिस बनकर लूट-अपहरण, फ्लैट से उठाकर हाईवे तक घुमाया

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल के हबीबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस बनकर लूट और अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक फ्लैट में घुसकर 5व्ह युवकों ने खुद को पुलिस स्टाफ बताया, मारपीट की और एनडीपीएस केस में फंसाने की धमकी देकर नकद, घड़ियां और मोबाइल फोन लूट लिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना हबीबगंज में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं।

पीड़ित राहुल गुप्ता के अनुसार, 11 जनवरी की शाम वह अपने फ्लैट पर दोस्तों के साथ मौजूद था। इसी दौरान 5व्ह युवक आसमान फ्लैट में घुसे और आते ही खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए दराने-धमकाने लगे। आरोप है कि युवकों ने चारों के साथ मारपीट की और कहा कि उन्हें एनडीपीएस के मामले में जेल भेज दिया जाएगा। भय का माहौल बनाकर आरोपियों ने कैश, घड़ियां और मोबाइल अपने पास रख लिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने सभी को जबरन कारों में बैठाया। दो अलग-अलग वाहनों में पीड़ित और उसके दोस्तों को बैठाकर मिसरोद थाना क्षेत्र से आगे बायपास टोल रोड की ओर ले जाया गया। रास्ते में लगातार पुलिसिया कार्रवाई का डर दिखाकर और पैसों की मांग की जाती रही। आरोप है कि दबाव में पीड़ित ने अपने एक परिचित को फोन कर पूरी घटना बताई और पैसे लाने को कहा। बाद में एक पेट्रोल पंप के पास जैसे ही परिचित से बातचीत शुरू हुई, माहौल बिगड़ता देख आरोपी गाड़ी से भाग निकले।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | माघ कृष्ण पक्षा, 14 2082 | सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 17 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

अभियान के तहत ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। जन अभियान परिषद द्वारा सीहोर जनपद पंचायत में ग्रामोदय से अन्त्योदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड समन्वयक एनपी सूर्यवंशी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को गति प्रदान करना है। इसके साथ ही स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनजागरूकता बढ़ाना भी अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सोनर एवं संजय त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

सीहोर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा ने डिप्लोमा (डीपीएलई) परीक्षा सीटाइ के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते।

ओलंपियाड परीक्षा हुई आयोजित

सीहोर। जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा 2026 जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा शासकीय छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करना ताकि भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में शासकीय स्कूल के छात्र छात्राएं सफल हो सकें। आज ओलंपियाड परीक्षा कक्षा 2 एवम 3 में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, कक्षा 4 से 8 तक हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत की परीक्षा आयोजित की है। परीक्षा तीन शिफ्ट में थी कुल 481 विद्यार्थियों में से 382 विद्यार्थी उपस्थित (प्रतिशत रहा)

चंदन के पेड़ की चोरी के संबंध में प्राचार्य ने कराया वस्तुस्थिती से अवगत

सीहोर। गत दिवस समाचार पत्रों एवं मीडिया में सीहोर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से चंदन के पेड़ की चोरी के संबंध में खबर प्रकाशित एवं प्रसारित की गई थी। इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता जैन ने पत्रकारों से अवगत कराते हुए बताया कि 13 जनवरी की रात को विद्यालय परिसर में लगे चंदन के पेड़ को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर ले जाया गया है। इस बात की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्राचार्य द्वारा 14 जनवरी को कोतवाली थाना एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चंदन के पेड़ की चोरी की सूचना दी गई है।

संस्कृत विद्या. नवीनीकरण के आवेदन 30 तक

सीहोर। महर्षि पाणिनि संस्कृत संस्थान द्वारा सत्र 2026-27 के लिए वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रदेश के समस्त संस्कृत विद्यालयों को संस्थान से नवीन संबद्धता प्राप्त करने के लिए सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 30 जनवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं।

चक्काजाम | ब्राज़ील पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया जाम, प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच मुआवजे पर बनी सहमति

फंदा टोल प्लाजा पर कर्मचारी की मौत के बाद परिजनों ने चक्काजाम कर किया भारी हंगामा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भोपाल-इंदौर मार्ग पर स्थित फंदा टोल प्लाजा पर बीती रात ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को टोल नाके पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप और टोल प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार फंदा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी विजय सिंह मेवाड़ा पिता अमर सिंह मेवाड़ा की बीती रात कार्यस्थल पर एक दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक अपने परिवार के इकलौते सहारा थे। दिन पर उनकी वृद्ध माता, पत्नी और तीन छोटी बेटियां (तीनों 16 वर्ष, आठवीं 12 वर्ष और जयंता 5 वर्ष) की जिम्मेदारी थी। शुक्रवार को जब शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो ग्रामीण और परिजन भड़क गए और उचित मुआवजे की मांग को लेकर टोल पर ही धरने पर बैठ गए।

पुलिस को करना पड़ी मशक्कत

चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मांग थी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान के मद्देनजर तत्काल राहत दी जाए। काफी देर तक चली गहमागहमी और पुलिस की लगातार समझाइश के बाद टोल प्रबंधन और कॉरिडोर मैनेजर ने परिजनों से मुलाकात की और मुआवजे की शर्तों पर सहमति बनी।

10-10 लाख रुपए की हो एफडी

परिजनों ने प्रशासन को सौंपे आवेदन में मांग की कि तीनों बेटियों के नाम 10-10 लाख रुपये की एफडी की जाए और वृद्ध माता को भी आर्थिक संबल दिया जाए। प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि वे कंपनी की ओर से अधिकतम संभव सहयोग करेंगे ताकि मृतक के निष्कपट रोजाना का सम्मान हो सके और परिवार का भविष्य सुरक्षित रहे।

प्रबंधन द्वारा घोषित की यह सहायता राशि और लाभ

कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा ने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि कंपनी और सरकारी नियमों के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिए जाएंगे, जिसमें तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में कंपनी की ओर से कुल 7 लाख रुपये दिए जाएंगे, जिसमें से 1 लाख रुपये तत्काल दिए गए और शेष 6 लाख रुपये आगामी सुधार तक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। ईपीएफओ और ईएसआईसी का पूरा पैसा परिवार को मिलेगा। साथ ही विधवा की पत्नी और बच्चों को साइकल टाइम ईएसआईसी और पेंशन की सुविधा मिलेगी। सुए इंश्योरेंस, एक्सीडेंट पॉलिसी और ईपीएफओ मैच का पूरा क्लेम परिवार को दिलाने का वादा किया गया है। 18 साल की उम्र तक दो बच्चों को पेंशन की सुविधा भी निरंतर मिलती रहेगी, जिससे उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सकेगी।

बिना अनुमति वन भूमि पर सड़क निर्माण, ठेकेदार को अल्टीमेटम

डीआर संवाददाता>>बुधनी

नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित विधिवत अस्पताल के पीछे वन विभाग की भूमि पर बिना अनुमति सड़क निर्माण का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही मिक्सर मशीन, ट्रॉली, और सीमेंट की बोरियों को रेंज में खड़ा करवा लिया गया है। बताया जा रहा है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा वन विभाग की जमीन पर सड़क निर्माण कराया जा रहा था। जांच के दौरान जब वन विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार से निर्माण की अनुमति से दस्तावेज मांगे, तो वह कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सका। ठेकेदार का कहना है कि सीएमओ अभी नहीं है, इसलिए दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो सके।

इस मामले में वन विभाग के रेंजर ने स्पष्ट किया कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा था, वह वन विभाग के अंतर्गत आती है। बिना विभागीय अनुमति के वहां किसी भी प्रकार का निर्माण नियमों के विरुद्ध है। रेंजर ने बताया कि ठेकेदार को एक दिन का समय दिया गया है, ताकि वह निर्माण से संबंधित वैध अनुमति के कागजात प्रस्तुत कर सके।

वन विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर ठेकेदार द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध प्रकरण गठित्व

दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में होगी कार्रवाई कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल निर्माण कार्य पूरी तरह से रोक दिया गया है और मशीनरी व सामग्री वन विभाग की अभिरक्षा में रखी गई है।

नसबंदी के बाद महिला की मौत का मामला डॉ. रुक्मणि गुलेहरिया पर गिरी गाज,

डीआर संवाददाता>>बैरूंदा

बैरूंदा में बीते दिन नसबंदी ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत ने इलाके में आक्रोश और तनाव के बीच स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने डॉ. रुक्मणि गुलेहरिया को तत्काल प्रभाव से बैरूंदा से हटाकर इलाहर सिविल अस्पताल में अटैच कर दिया है।

प्रशासनिक कार्रवाई और जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कदम उठाया गया है। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद महिला को समुचित देखभाल नहीं मिली और समय पर उचित उपचार नहीं किया गया।

जांच रिपोर्ट में लापरवाही के गंभीर संकेत मिलने के बाद जिला कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. रुक्मणि गुलेहरिया को तत्काल प्रभाव से बैरूंदा से हटाकर इलाहर सिविल अस्पताल में अटैच कर दिया है।

प्रशासनिक कार्रवाई और जांच महिला की मौत के बाद क्षेत्र में उपजे जनआक्रोश और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह आदेश जारी किया। डॉ. रुक्मणि गुलेहरिया को बैरूंदा से शिफ्ट कर इलाहर भेज दिया गया है।

जांच कमेटी बनाई:

विभाग ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच के लिए एक टीम गठित की है। यह टीम ऑपरेशन के दौरान बरती गई सावधानियों और मेडिकल प्रोटोकॉल की जांच करेगी। हालांकि जो स्थिति को देखते हुए अस्पताल परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

सीहोर पहुंचे दिग्विजय सिंह, राहुल गांधी दौरे पर दिया बयान

डीआर संवाददाता>>सीहोर

राजगढ़ सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मंगलवार शाम सीहोर पहुंचे। वे यहां एक आयोजन में शामिल होने आए थे, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने इंदौर में राहुल गांधी के दौरे को लेकर बयान दिया। दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी एक बहुत संवेदनशील व्यक्ति हैं और वे वहां जाते हैं जहां भी अन्याय और अत्याचार होता है।

मुंबई के परिणामों कुछ नहीं बोले मुंबई महानगरपालिका के चुनाव परिणामों पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे नतीजे आने के बाद ही वे कुछ बोलेंगे। मध्य प्रदेश में अपनी अगली भूमिका के सवाल पर दिग्विजय सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम गुलशनी, वरिष्ठ नेता भान सोनकर और सीहोर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर पत्रकार वार्ता

डीआर संवाददाता>>सीहोर

महायज्ञ की तैयारी पूर्ण, अब लगेगा महाकुम्भ 108 शिवजी के आशीर्वाद साधु-संत पधारेंगे सीहोर। शहर के प्रसिद्ध करोली वाली माता मंदिर गंज में आगामी 18 जनवरी से आरंभ होने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन की सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। वहीं यहां पर दस दिवसीय महा भंडारा का भी आयोजन किया जावेगा। आयोजित होने वाले इस यज्ञ में एक मुख्य मंडप के साथ-साथ अलग-अलग मंडप भी बनाया जा रहा है। होने वाले महायज्ञ में देश भर के प्रसिद्ध साधु-संत, महात्मा और कथा वाचक शामिल होंगे। शुक्रवार की शाम को शहर के करोली वाली माता मंदिर यज्ञ स्थल पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक विवेक शर्मा, यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा और मुख्य यजमान एडवोकेट राजेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के घेरे में प्रभारी उपसंचालक, कमिश्नर के निर्देश पर छिना प्रभार, संयुक्त कलेक्टर संभालेंगे

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सरकारी तंत्र में फर्जीवाड़े के आधार पर पद हथियाने का एक बड़ा मामला सामने आया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उपसंचालक महेश कुमार यादव के दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर सवाल खड़े होने के बाद अब उनसे प्रभार छीन लिया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब इस विभाग की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर रविंद्र फरवर को सौंपी गई है।

बता दें प्रभारी उपसंचालक महेश यादव पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त की और पद पर बने रहे। शिकायत में कहा गया था कि उनकी दस्तावेजी विश्वसनीयता भ्रम है, जबकि विभाग में उन्होंने अहम प्रतिष्ठित पाता सर्टिफिकेट जमा कर रखा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सामाजिक न्याय सशक्तिकरण मंत्रालय के आयुक्त ने महेश यादव को अपनी जिम्मेदारी की जांच एम्स संस्थान में कराने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। हैरान करने वाली बात यह है कि बार-बार निर्देश मिलने के बावजूद यादव ने एम्स जांच अपनी जांच नहीं कराई। इस टालमटोल को विभाग ने संदिग्ध माना और अंतत कड़ा कदम उठाया।

आयुक्त ने कलेक्टर को लिखा पत्र पदभ

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने सीहोर कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्देशित किया कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक महेश यादव को पद से हटाकर किसी अन्य अधिकारी को प्रभार दिया जाए।

40 से अधिक बालक-बालिका सात दिन करेंगे अभ्यास,

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन और प्रदेश सरकार द्वारा खेलो एमपी खुब गेम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारना है। शुक्रवार को शहर के बर्म मैदान पर खुब गेम के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया था, जिसमें 40 से अधिक खिलाड़ी शामिल थे। जिला फुटबॉल एसोसिएशन से संबंध मनोज कन्नोजिया ने ट्रायल के लिए पांच सीनियर खिलाड़ियों के अलावा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी शामिल किया। एसोसिएशन से मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में खेलो एमपी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता उन्होंने बताया कि साथ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बाद सीहोर ब्लॉक की बालक-बालिका टीम की घोषणा की जाएगी।

महोत्सव | मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की राशि

सीहोर जिले की 2,40,253 बहनों के खाते में 35 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार ने नर्मदापुरम जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। इसके साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि अंतरित की।

इस अवसर पर सीहोर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर पालिका के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले की 2,40,253 बहनों के खातों में 35 करोड़ 39 लाख 88 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री जिस शाहीर, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री हरनेश रारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

विजीबिलटी रही काफी कम, सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहरा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले में गुरुवार सुबह फिर कड़ाके की ठंड का असर दिखाई दिया है। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कल के 10 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम है। तापमान में इस गिरावट के साथ ही सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई।

मौसमी बीमारियों से बचने के लिए डॉक्टरों ने दी सलाह

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और कंपकंपी हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने संभावित शीत लहर और बीमारियों को लेकर अलर्ट जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतलहर से बचाव के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा कि

पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें और स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान दें। डॉ. डेहरिया ने बताया कि शीतलहर के दौरान पशु, खासी, सर्दी और जुकाम जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य कर्मचारियों या चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर माघ कृष्ण पक्ष, 14 2082

सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 17 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

नवाणु यात्रा पर परम का किया बहुमान

आष्टा। नगर के प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी शेखरचंद बोहरा के पौत्र और आलोक–पल्लवी बोहरा के पुत्र 17 वर्षीय परम बोहरा ने गिरिराज तीर्थ की नवाणु 108 यात्रा पूरी कर जैन समाज को गौरव दिलाया। उन्होंने उत्तरोत्तर तपस्या करते हुए यह कठिन यात्रा पूरी की। शुक्रवार को तप महोत्सव मनाया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ तप महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने परम बोहरा का बहुमान किया। छोटी उम्र में किए गए इस कठिन तप और यात्रा की अनुमोदना की। तपस्वी के धर्ममय जीवन की कामना की। परम बोहरा ने भीषण ठंड, गर्मी, प्यास और उपवास जैसी कठिनाइयों के बीच यह तप पूरा किया। बहुमान समारोह में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता नगीन जैन एडवोकेट, सुशील संचेती, विशाल बोथरा, नगर अध्यक्ष अंतरी बोथरा, संपत राठौर, सीरज जैन, रोहित श्रवर, मुकु खां मौजूद रहे।

150 खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

इछावर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स की अंडर ट्रायल 15 व 16 जनवरी को मंदीपाड़ खेल मैदान पर आयोजित की गई। इसमें इछावर ब्लॉक के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने खो–खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, क्रिकेट, कराटे, रस्साकशी, बास्केटबॉल आदि खेलों का ट्रायल कराया गया। ब्लॉक खेल समन्वयक आशा मोघरा ने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ियों का चयन 15 व 16 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

कॉलेज छात्रों की बनाई जाएगी आभा आईडी

सीहोर। सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाई जाएगी। प्रत्येक शासकीय महाविद्यालय में आभा आईडी निर्माण के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। आभा आईडी एक डिजिटल हेल्थ आईडी है।

संक्रांति पर हल्दी–कुमकुम और सुहाग सामग्री बांटी

आष्टा। नगर संक्रांति पर अखिल भारतीय सुहागन महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता नरेंद्र कुशवाह ने परसराम कॉम्पलेक्स परिसर में हल्दी–कुमकुम व सुहाग उपहार वितरण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक–दूसरे को हल्दी–कुमकुम का तिलक लगाकर मंगलकामनाएं दीं। सुहागिनों ने चूड़ियां और सुहाग सामग्री एक–दूसरे को भेंट की।

सोयाबीन भाव में आष्टा मंडी प्रदेश में टॉप

आष्टा। प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना के दौरान आष्टा कृषि उपज मंडी ने सोयाबीन के भाव में पूरे मध्य प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया। 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चली इस योजना के दौरान आष्टा मंडी में सोयाबीन के भाव लगातार ऊपरी बने रहे। इसी वजह से सीहोर जिले सहित आसपास की करीब 20 तहसीलों के किसानों ने अपनी फसल बेचने के लिए आष्टा मंडी को चुना।

मेला का समापन सिराड़ी के संगम घाटपर लगा तीन दिवस मेला उमड़े श्रद्धालु

रावण पुतला दहन के साथ तीन दिवसीय मेला का हुआ समापन

डीआर संवाददाता>>**श्यामपुर**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्यामपुर क्षेत्र के सिराड़ी गांव स्थित त्रिवेणी संगम घाट पर लगा तीन दिवसीय पारंपरिक मेला शुक्रवार को भव्य तरीके से संपन्न हुआ। राम–रावण युद्ध के मंचन और रावण पुतला दहन के साथ मेले का समापन हुआ, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु पहुंचे। पूरे आयोजन में आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला।

शुक्रवार से शुरू हुआ यह मेला शुक्रवार तक चला। तहसील मुख्यालय से लगे सिराड़ी गांव के त्रिवेणी संगम घाट पर हर साल की तरह इस बार भी दूर–दराज के गांवों से श्रद्धालु स्नान, पूजा और दर्शन के लिए पहुंचे। अंतिम दिन सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धार्मिक विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना हुई और मेले के संचालन की तैयारियां शुरू की गईं। नदी घाट और आसपास स्थित मंदिरों को आयोजन समिति द्वारा आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक और उत्सवी माहौल में रंग गया।

तीन दिनों तक चले इस मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, खाने–पीने के स्टॉल और कई तरह के आकर्षक लगाए गए थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का भरपूर आनंद लिया। खास आकर्षण रहा ग्रामीण कलाकारों द्वारा किया गया रामलीला मंचन। अंतिम दिन राम–लक्ष्मण युद्ध का दृश्य बड़े ही सुंदर और जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर दर्शक भाव–विभोर हो गए। मंचन के बाद रावण पुतला दहन किया गया, जिसके साथ ही मेले का औपचारिक समापन हुआ।

मेले के संयोजक मंत्रिकिशोर पुत्रो ने बताया कि यह मेला लगभग 90 वर्षों से लगातार मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है और धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। वहीं मेले में ग्रामीण लक्ष्मण सिंह दांगी ने बताया कि यह स्थल प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन यहां तक पहुंचने का मार्ग अभी भी ठीक नहीं है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और शासन से मांग की कि इन ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल तक पहुंच मार्ग को जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को आने–जाने में सुविधा मिल सके।

विधायक के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के छह स्कूलों के लिए 688.35 लाख हुए स्वीकृत

डीआर संवाददाता>>**आष्टा**

विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में चुने जाने के बाद से ही लगातार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए आष्टा से भोपाल तक सतत संघर्ष और प्रयासरत रहते हैं। उन्हीं के प्रयासों से विगत दो वर्षों में आष्टा विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों रुपए की लगातार विकास के रूप में मदद सरकार से प्राप्त हुई है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के प्रयासों से एक बार फिर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 8 ग्रामों के हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के लिए 688.35 लाख रुपए अतिरिक्त कक्ष निर्माण, लाइब्रेरी, लैब, टॉयलेट ब्लाक निर्माण, बाउंड्री वाल निर्माण सहित अन्य रिविजल कार्य हेतु स्वीकृत किए गए।

सात स्वीकृत कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। विधायक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के दौरे प्रवासों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिसिकगंज, पुरुडा करली, खड़ी, मुरावन, नेहतावाड़ा एवं लौरस कला के हायर सेकेंडरी स्कूल एवं हाई स्कूल में 14 अतिरिक्त कक्ष, 14 लैब, चार लाइब्रेरी, पांच विद्यालयों में बाउंड्री वॉल एवं तीन विद्यालयों में टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण के साथ अन्य रिविजल कार्यों के निर्माण के लिये 688.35 लाख की स्वीकृति के साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। उक्त स्वीकृति की खबर के बाद सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच गण, जनप्रतिनिधियों एवं मालवीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों द्वारा उक्त कार्यों की स्वीकृति के प्रति विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया।

6 चालान, 3300 रुपए वसूले

आष्टा। यातायात पुलिस ने शहर में लगातार चलाए गए ड्रीविंग व्यवस्था रोकी। कम्पोट रोड, गांधीजी चौक चौराहा, मार्केट पुल, पुराना बस स्टैंड और सरकारी अस्पताल गेट समेत पूरे शहर में जांच की गई। इस दौरान नियम तोड़ने वाले पर मोटरयी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम पुराना स्कूल भी पहुंची। वहां बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की मौजूदगी में यातायात का जागरूकता अभियान चलाया गया।

दर्जी समाज महाकाल पैनल के दावेदारों ने किया जनसंपर्क

डीआर संवाददाता>>**सीहोर**

श्री दामोदर दशैरिया जूना गुजराती दर्जी समाज के आगामी पंच वर्षीय निर्वाचन हेतु महाकाल पैनल द्वारा सीहोर नगर में श्री दामोदर दशैरिया जूना गुजराती दर्जी समाज सीहोर के अध्यक्ष श्याम दयाल नेहता के नेतृत्व में जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क के दौरान ट्रस्ट सचिव एवं सचिव पद के उम्मीदवार नरेंद्र पटिहार एवं मित्र मंडली द्वारा गांधी रोड सीहोर पर सघन जन संपर्क किया गया।

महाकाल पैनल द्वारा अध्यक्ष पद हेतु अमित चौहान, सचिव पद हेतु नरेंद्र पटिहार, एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु सुनील गोयल तथा ट्रस्टी पद हेतु अशोक सोलंकी, कन्हैया लाल देवड़ा, कमल किशोर परमार, किशोर चौहान, मनीष परमार, प्रशांत चौहान, रामनारायण सोलंकी एवं सुनील परमार को पैनल का प्रत्याशी घोषित किया गया है। जनसंपर्क के दौरान महाकाल पैनल के प्रत्याशियों को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने की अपील रमनारायण बंधुओं से की गई है।

आष्टा में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण

डीआर संवाददाता>>**आष्टा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के तहत देश के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। देवास–शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा के मुख्यमंत्री शाजेब मंडल में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है।

इस महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को देवास सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी करेंगे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला अध्यक्ष नरेंद्र मेवाड़ा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। शुक्रवार को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

सांसद खेल महोत्सव में वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़ और 200 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में सभी मंडलों से टीमें भाग लेंगी।

इस दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अभिभावकों से अपने बच्चों को खेलों में भाग लेने और उन्हें प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि ये सीखने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने खेलों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायक बताया और इन्हें दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देशभर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। यह महोत्सव युवा विकास के जरिए राष्ट्र निर्माण में सहायक बन रहा है। ऐसे खेल आयोजन युवाओं में खेल भावना विकसित करते हैं, जिससे सशक्त और अनुशासित युवा राष्ट्र निर्माण

रोजगार मेला आयोजित, 580 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

डीआर संवाददाता>>**सीहोर**

युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं ऑटिस्टिक के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, उद्योग विभाग एवं शासकीय आईटीआई द्वारा सीहोर में युवा संगम रोजगार–स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 616 युवक–युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें 13 कंपनियों द्वारा 580 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। मेले में उद्योग विभाग द्वारा 12 लिपिकीयों को 41 लाख 48 हजार 822 रुपये का स्वरोजगार ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला लीड बैंक अधिकारी श्री जावरीन महाकार्य, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्री स्वनिल

कलश यात्रा में उमड़ी भीड़, भोज में एक जाजम पर बैठा समाज

डीआर संवाददाता>>**गैरतगंज**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मंसेरा के पहाड़ा रेसकोर्स मैदान में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। मोक्ष शांति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सम्मेलन में हजारों लोगों ने एकजुटता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सबसे मनमुग्ध और प्रभावी क्षण सामूहिक भोज रहा, जहां पंक्ति–भेद के भेदभाव को भुलाकर सैकड़ों नागरिकों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। सम्मेलन का आयोजन दुर्गा गंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा से हुआ जिसे श्री धुन, भजन मंडली और जय के उद्घोष और हाथी के घोड़ा ऊंट बाजे युवाओं व मातृशक्ति के उत्साह ने नगर को उमंगमय कर दिया। रेस्ट हाउस रोड से होते हुए यह यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां गायत्री परिवार द्वारा मंडपेश्वर के साथ हवन–पूजन किया गया। सम्मेलन में समाज का गौरव बढ़ाने वाली स्वागीय प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें पहली कक्षा में जिला टॉपर कोमल पवार, पर्यावरण प्रेमी रोहित राजकाल, खेल में विजयी पटेल, राजनीति में सक्रिय सक्षम, स्वाति मालवीय कबड्डी टीम, सेना में ऋतु बनेजा पुलिस हेडकांस्टेबल को सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने कहा–संस्कारों से ही बनेगा राष्ट्रवाद प्रांत संघ चालक प्रमुख राजेंद्र औरंग ने कहा भारत भूमि पर जन्म लेना सौभाग्य है। प्रभु श्रीराम का चरित्र हमें त्याग और मर्यादा सिखाता है। पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें बच्चों में संस्कारों का रोपण करना होगा। तब भविष्य सुरक्षित होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगा। आचार्य मनोज तिवारी कंकरिया वाले ने कहा समाज हमें मोक्ष का मार्ग सिखाता। भगवान राम ने शक्ति और निष्कपटता को गले लगाकर समरसता का उदाहरण दिया

निरीक्षण कलेक्टर ने रेहटी पहुंचकर तहसील कार्यालय एवं धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

एसआईआर की प्रगति सहित राजस्व कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

डीआर संवाददाता>>**सीहोर**

कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने रेहटी पहुंचकर तहसील कार्यालय, राजस्व न्यायालय, न्यायालय भूमि के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया तथा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

रेहटी तहसील कार्यालय का निरीक्षण, एसआईआर की समीक्षा

रेहटी तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नॉन–मैपिंग वोटरों की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण तथा घर–घर आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ से चर्चा कर निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता तक सत्यापन पूरी गंभीरता से किया जाए, किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों का निष्पक्ष निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण तय समय–सीमा में करते हुए तकनीकी जानकारी समयबद्ध हितग्राहियों तक पहुंचाई जाए।

वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में सर्वेयरों की उपस्थिति की समीक्षा निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में सर्वेयरों की उपस्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सर्वेयर निरंतर अपनी उपस्थिति दर्ज करें, अभिलेखों का अद्यतन रौशना से किया जाए तथा पात्र ग्रामीणों को राजस्व सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता>>**सीहोर**

जन अभियान परिषद द्वारा सीहोर जनपद पंचायत में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड समन्वयक श्री एनपी सूर्यवंशी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को गति प्रदान करना है। इसके साथ ही स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, माघ कृष्ण पक्ष-14,2082 विदिशा, दिन शनिवार,दिनांक 17 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर पीले चावल दिए

विदिशा। 18 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को नगर के सभी 15 वार्डों में जनजागरण किया गया। हिंदू सम्मेलन की टोली ने घर-घर पीले चावल देकर निमंत्रण दिया। अभियान के दौरान नगरवासियों में काफी उत्साह देखा गया तथा लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

18 को सर्वधर्म समभाव व्याख्यान माला आयोजित

विदिशा। श्री सुमित्रा मंच एवं सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली सर्व सम्भाव व्याख्यानमाला 3 द्वितीय पुष्प प्रस्तुति रविवार 18 को दोपहर 11:30 बजे मां हॉस्पिटल, श्रीगणनगर में होगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मनजीत सिंह (ज्ञानी जी) मौजूद रहेंगे। वे सिख पंथ और इसका मानुष्य अवदान विषय पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से सिख धर्म के सामाजिक, नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। डॉ. सुरेश गर्ग, सुलतान सिंह हाडा, प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. केके पंजाबी ने श्रद्धालुओं से इस आध्यात्मिक एवं वैचारिक यज्ञ में सहभागिता कर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

ओलंपियाड परीक्षा के बाद किया सामूहिक भोज

विदिशा। सांदीपनि विद्यालय में ओलंपियाड परीक्षा के बाद 280 विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों ने सामूहिक सहभोज किया। बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने इसे सामंजस्य व सहभागिता का प्रेरक उदाहरण बताया। स्वच्छता व व्यवस्था की सराहना हुई।

सीएचओ को दिया 3 दिवसीय प्रशिक्षण

विदिशा। मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचओ को डीन डॉ कमीन निगम एवं विभिन्न अधिकारी डॉ अनिमेश लाथके के मार्गदर्शन में मेडिसिन और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

हाइवे की गुणवत्ता जांच की मांग, कांग्रेस करेगी विरोध

विदिशा। विदिशा में मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का दौरा हो और लोकार्पण कार्यक्रम है। इस मौके पर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी। नगर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा, हम मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों का स्वागत करते हैं। लेकिन प्रशासन से मांग है कि कार्यक्रम स्थल पर हाईवे निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा, निर्माण में मिट्टी का उपयोग हो रहा है। इससे सड़कों की मजबूती पर असर पड़ेगा।

2. 70 लाख महिलाओं की लाड़ली बहना की राशि जमा

विदिशा। महिला-बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत 2 लाख 70 हजार महिलाओं के बैंक खातों में 40 करोड़ रुपए की मासिक आर्थिक सहायता राशि सीधे ट्रांसफर की गई। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए रस्साकशी और पतंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन किया

गुलाबगंज। 18 जनवरी को हायर सेकेंडरी स्कूल में होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया।

पुरानी गल्लामंडी में आज करोड़ों के कार्यों का होगा भूमिपूजन व शिलान्यास

गडकरी आज करेंगे 4,400 करोड़ की आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज विदिशा में 4,400 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं तथा ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे पुरानी गल्लामंडी में शुरू होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई सांसद और मंत्री मौजूद रहेंगे।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित कई मंत्री और सांसद आज विदिशा जाएंगे। पुरानी गल्लामंडी में नितिन गडकरी द्वारा 4,400 करोड़ रुपये से प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं तथा ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। करीब 181 किलोमीटर लंबाई की 8 महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं के साथ-साथ 3

अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा। शेड-सी विदिशा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन तक पहुंचेगा। वहां से पुरानी मंडी पहुंचेगा। शुक्रवार को विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा, लोकेश सिंह डागी, राजेश शर्मा, लोकेश दरबार सहित जनप्रतिनिधियों ने बाजार में जनसंपर्क कर शहरवासियों को इस कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया।

जिपं अध्यक्ष सौंपेंगे ज्ञापन

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी मंत्री गडकरी को ज्ञापन सौंपेंगे। एनएच 346, एनएच 146 और एनएच 46 को आपस में जोड़ने नवीन लिंक मार्ग के निर्माण की मांग रखी जाएगी। जिसकी 4 जिले गुना, अशोकनगर, सिरोंज, विदिशा के गांवों को 100 किमी तक की दूरी कम होगी। वहीं राष्ट्रीय राजमार्गों के स्तरोन्नयन से विदिशा शहर निर्माण की मांग रखी जाएगी।

कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा

भोपाल-विदिशा खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 42 किमी और लागत 1,041 करोड़ का शिलान्यास किया जाएगा। यह परियोजना भोपाल-कानपुर कॉरिडोर का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बीजूड़ा मार्ग को हाई-कॉम्पैक्टिविटी नेशनल हाईवे मानकों के अनुरूप विकसित करना है। परियोजना से अंतर-जिला एवं अंतरराज्यीय यातायात अधिक सुगम होगा एवं लंबी दूरी और माल ढुलाई ट्रैफिक की आवाजाही सुविधा एवं तेज बनेगी। इस मार्ग से रायसेन जिले में स्थित एशियाई सिंह संरक्षण स्थल सांची तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा विदिशा-ग्यारसपुर 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 29 किमी, लागत 642 करोड़ होगी। इस परियोजना से विदिशा और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। चौड़ीकरण और ज्यामितीय सुधारों से सड़क सुरक्षा एवं ड्राइविंग आराम में वृद्धि होगी। परियोजना के साथ ऐसे ऐतिहासिक स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी तथा विदिशा जिले के पुष्य गुफाओं वाले गोई एवं कन्या कुंडी धरोहरों से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं ग्यारसपुर-शाहगढ़ खंड 4 लेन चौड़ीकरण, लंबाई 36 किमी, लागत 903 करोड़ यह खंड क्षेत्रीय एवं ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। परियोजना से यात्रा समय में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार और माल ढुलाई को गति मिलेगी। व्यापार, लॉजिस्टिक गतिविधियों और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

किसानों की विभिन्न समस्याएं, भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन देंगे

विदिशा। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यक्रम में स्वागत कार्यक्रम के साथ-साथ विदिशा की जमीनी समस्याओं पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाए। उनका कहना है कि निर्माणाधीन हाईवे की गुणवत्ता की जांच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा कराई जाए, ताकि अमानक काली मिट्टी के उपयोग जैसी शिकायतों पर रोक लगे और जनता से बनने वाला हाईवे टिकाऊ बने। वहीं किसानों ने मकोड़िया बांध निर्माण, बिजली, सिंचाई के पानी, खाद-बीज की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है।

चार दिन से लगा पिंजरा, तेंदुआ हाथ नहीं आया

विदिशा के पठारी में तेंदुए की आहट से दहशत, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा जिले के पठारी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका के चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि, वन विभाग ने अब तक तेंदुए की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन एहतियातन निगरानी बढ़ा दी गई है।

नगर के चिरायवी इलाके से सटे गौरनाला बांध पर तेंदुए की आहट महसूस की गई। ग्रामीणों के अनुसार, शिवरात्रि के दर्शन के लिए जा रहे चार लोगों को अचानक तेंदुए की मांद सुनाई दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पहाड़ के चारों ओर घनी आबादी होने के कारण ग्रामीण किसी अप्रिय घटना की आशंका जता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में डर व्याप्त है। हालात ऐसे हैं कि शाम ढलते ही लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं और खुले में निकलने से परहेज कर रहे हैं।

चार दिन से पिंजरा लगा, तेंदुआ नहीं फंसा

वन विभाग ने पालकछा रेंजिंग क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिछले चार दिनों से पिंजरा लगा रखा है। हालांकि अब तक पिंजरे में दो बार का शिकार कैद चुका है, लेकिन तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है।

डीएफओ हेमंत यादव ने बताया कि पठारी क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली है। एहतियातन पिंजरा लगाया गया है और पूरे इलाके में लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि अकेले जंगल या पहाड़ी क्षेत्रों की ओर न जाएं और सतर्कता बरतें।

पहले भी मिल चुकी हैं जंगली जानवरों की सूचनाएं

गौरतलब है कि करीब छह दिन पहले विदिशा शहर के बाईपास क्षेत्र की एक कॉलोनी में तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली थी। वहीं, गुलाबगंज क्षेत्र में बाघ देखे जाने की घटनाएं भी सामने आई थीं, जिसके बाद वन विभाग ने सर्च अभियान चलाया था।

जिपं अध्यक्ष पति के भाई बिल्डर दिलीप

डीआर संवाददाता ▶▶ आलमपुर

सेवपुरा जिला सरकार लॉन्ग्लेस्ट में दिलीप बिल्डर के कार्यालय पर शुक्रवार सुबह आयकर ने सर्च की कार्रवाई की। सुबह करीब 8 बजे चार गाड़ियों में 15 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी यहां पहुंचे थे। टीम दिलीप रघुवंशी के कार्यालय पहुंची। मीमो बंदूकधारी जवान तैनात रहे। वे किसी को अंदर-बाहर नहीं जाने दे रहे थे।

वहां एक अधिकारी से जानकारी

मांगी तो उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। बोले मैं कुछ भी बताने के लिए अधिकृत नहीं हूं। अधिकारी भोपाल-इंदौर पासिंग गाड़ियों से आए थे। पत्रकारों को जांच देर शाम तक चलती रही। गौरतलब है कि दिलीप रघुवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष गीता पति कैलाश रघुवंशी के छोटे भाई हैं।

राहुल गांधी के कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

दूषित पेयजल से मौतों के विरोध में कांग्रेसी आज रखेंगे उपवास

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

इंदौर के गांधीनगर क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण 24 निर्दोष नागरिकों की अकालमृत्यु के विरोध में विदिशा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को उपवास एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के बाल टेकर के पीछे जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे से होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से भेंट करेंगे और उन्हें सांत्वना प्रदान करेंगे। इसके बाद वे प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे मध्य में सभी के माध्यम से किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भी कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल रघुवंशी ने कहा कि इंदौर की यह घटना जनस्वास्थ्य और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने दिल्ली के सरस कांग्रेस पदाधिकारियों, सभी अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अकलवी ने दी।

अपने ही पिता के हत्यारे बेटे को आजीवन

डीआर संवाददाता ▶▶ कुरवाई

अपने ही पिता की निर्मम हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने आरोपी सुनील रैकवार को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

एडीपी राजेंद्र सिंह ठाकरी ने बताया कि घटना 17 जून 2024 की रात करीब 10-11 बजे की है। फरियादी कमल सिंह के अनुसार उसका बड़ा भाई सुनील रैकवार नशे का आदी था। खाना खाने के बाद कमल सिंह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो गया, जबकि पिता रामेश्वरदास और आरोपी आंगन में सो रहे थे। रात करीब 3 बजे पिता की चीख सुनकर बाहर आने पर उसने देखा कि सुनील लकड़ी से पिता के सिर एवं धड़ पर वार कर रहा था। गंभीर चोटों से रामेश्वरदास की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

पुलिस ने थाना कुरवाई में अपराध क्रमांक 265/2024 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों व चश्मदीद बयानों के आधार पर दोष सिद्ध मानते हुए सजा सुनाई।

योग, ध्यान से संवरता मन परीक्षा तनाव से मिली राहत

डीआर संवाददाता ▶▶ ग्यारसपुर।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा मानस किशोर शास्त्रीय स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन योग शिक्षक डॉ. राहुल जैन ने किया, जो भारत सरकार के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से भी जुड़े हैं और अब तक 10 हजार से अधिक लोगों को योग प्रशिक्षण दे चुके हैं।

डॉ. जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि तनाव के कारण-बाल मन का स्वयं रहना भी तनाव की आवश्यक है। योग और ध्यान से न केवल एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि तनाव, घबराहट और नकारात्मक व्यवहार से निपटने की क्षमता भी विकसित होती है।

तीसरा दिन: अहंकारी रावण ने लिया

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

सम्भाजीत में तीसरे दिन की लीला में प्राणप्रतिष्ठा से रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया। श्रीगणेश, शारदा एवं नारद वंदना से लीला शुरू हुई। राजाट प्राणप्रतिष्ठा विधान करने लंका में गए। सीता, सीता, माल्यवंत सहित अनेक पात्रों का किरदार करते करते पूरे लंका में पहुंच गए और रास्ता भटक गए। मूल पात्र नारद को आकुल राजाट एक कुटिया में

पहुंचे। जिसमें कपटमुनिवेशधारी था वह कपटमुनि सन्यासी का पराक्रमी राजा था। कपटमुनि राजाट को पहचान लेता है पर राजाट उस मुनि को नहीं पहचान पाते। कपटमुनि राजाट से बदला लेने की योजना बनाता है। राजाट मुनि से वरदान मांगते हैं कि हे मुनि मुझे ऐसा वरदान दो कि पृथ्वी पर कोई मेरा शत्रु न रहे साल कल्प तक मेरा राज्य हो। मुझे युद्ध में कोई जीत न सके। मुनि कहते हैं कि इसके लिए ब्राह्मणों को प्रसन्न करना होगा।

नटेरन में लंका दहन देखने उमड़ा जनसैलाब

नटेरन। रामलीला समिति मेला के तत्वावधान में रावण की लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जैसे ही रावण द्वारा हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई जाती है, वैसे ही हनुमान जी सोने की लंका को जलाकर रावण के अहंकार को चूर कर देते हैं। इस दृश्य पर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे गूंज उठे। लीला में रामदूत लाखों लगाए सुरसा, लंका में प्रवेश पर लंकिनी और विभीषण से भेंट जैसे प्रसंगों का रोचक मंचन किया गया।

तैयारियां महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर घाट पर तैयारी शुरू

बंगला घाट पर बनेगा 55 फीट ऊंचा केदारनाथ मंदिर

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

महाशिवरात्रि पर बंगला घाट पर होने वाले आयोजन को लेकर शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। इस बार श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम की अनुभूति कराने बंगला घाट पर केदारनाथ मंदिर को प्रतीकात्मक निर्माण किया जाएगा।

आयोजन समिति के संयोजक प्रजापति, सुरेन्द्र तुलसवाड़ ने बताया की केदारनाथ मंदिर का निर्माण बी एस्टिमेन बंगाल से आए कलाकार संतोष विश्वास के मार्गदर्शन में उनकी 23 सदस्यीय टीम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए बंगला घाट पर स्थायी रूप से फर्श हुई है। टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रस्तावित मंदिर की कुल ऊंचाई गुम्बद

सहित लगभग 55 फीट होगी। मंदिर का निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और धार्मिक वास्तुशैली का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार मंदिर का स्वरूप भव्य एवं आकर्षक होगा, जिससे श्रद्धालुओं को मूल केदारनाथ धाम जैसी अनुभूति प्राप्त हो सके। मंदिर का निर्माण लगभग लगभग 26 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा।

महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक एवं भजन-कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव की विभिन्न अवस्थाओं की नई और मंदिर निर्माण के सफल एवं निर्विघ्न पूर्ण होने की कामना की गई।

प्रधानमंत्री युवा लेखक मेंटरशिप योजना में स्तुति का चयन

भारतीय ज्ञान परंपरा पर 10 हजार शब्दों में लिखी पांडुलिपि, अब इसी विषय पर उर्दू में में लिखेंगी

डीआर संवाददाता ▶▶ सिरोंज

शहर की युवा लेखिका स्तुति अग्रवाल का चयन प्रधानमंत्री युवा लेखक मेंटरशिप योजना में हुआ है। अब नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया उनकी पांडुलिपि को किताब के चयन के बाद उन्हें दिल्ली में 12 जनवरी से शुरू हुए फर्स्ट बुक केयर में शामिल होने का मौका भी मिला। यहां उनकी मुलाकात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और कई देशों से आए शिक्षाविदों से हुई। रुपी ने शहीदों से जुड़ी चर्चा की। स्तुति राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय भी गईं। मध्यप्रदेश से इस योजना में दो युवाओं का चयन हुआ है। उनमें एक स्तुति हैं। वे राष्ट्रभावना

पर 10 हजार शब्दों में लिखी पांडुलिपि को अंतिम रूप दे चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी किताब भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर वेद, श्रीमद्भगवत गीता और त्रिपिटक पर उर्दू भाषा में 10 हजार शब्दों की पांडुलिपि तैयार की थी। इसके बाद साहित्यकारों की विशेष पैनल ने उनका ऑनलाइन इंटरव्यू लिया। मंच के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और गीता अग्रवाल की बेटी हैं। स्तुति ने बताया कि उनकी किताब उर्दू में ही प्रकाशित होगी। उन्हें किताब की 10 प्रतियां रॉयल्टी जीवनभर मिलेगी। वे इस किताब को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री युवा लेखक मेंटरशिप योजना युवा साहित्यकारों के लिए भारत सरकार की एक पहल है। जिसे शिक्षा मंत्रालय और नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) द्वारा संचालित किया जाता है। जिसका उद्देश्य 30 वर्ष से कम उम्र के युवा लेखकों को प्रशिक्षित करना, उन्हें मेंटरशिप देना और उनकी किताबों को प्रकाशित करके भारत की पठन-

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

माघ कृष्ण पक्षा- 14,2082 राजगढ, दिन शनिवार,दिनांक 17 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

सरसों से भरा ट्रक लापता, व्यापारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सारंगपुर। कृषि उपज मंडी सारंगपुर से दिल्ली के लिए जो गई सरसों की बड़ी लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में व्यापारी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार परिवादी पृथ्वि उपज मंडी सारंगपुर में गल्ले का थोक व्यापार करता है। दिनांक जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर कुल 200 क्विंटल सरसों, जिसकी कीमत लगभग 300 रुपये प्रति क्विंटल बताई गई है, ट्रक में भरवाकर खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी खेड़ा के सेवन से या कि उक्त ट्रक को चालक देवराज गुर्जर निवासी देवली (राजस्थान) द्वारा दिल्ली ले जाया जाना था और ट्रक के 5 जनवरी 2025 तक दिल्ली पहुंचने की जानकारी दी गई थी। लेकिन निर्धारित तिथि तक सरसों की खेप व्यापारी के पास नहीं पहुंची। इसके बाद चालक से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उसने फोन नहीं उठाया और बाद में बंद कर लिया। परिवादी के अनुसार, चालक द्वारा सरसों की खेप को कहीं और बेचकर अमानत में खयानत किए जाने की आशंका है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

ब्यावरा। शहर के सुवालिया बायपास रोड पर गुरुवार उस कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद इलाज के बाद घर पहुंचाया। शुक्रवार सुबह बाइक सवार युवक द्वारा कार चालक के खिलाफ सिटी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाया है। रपटकर्ता ने बताया कि वह अपने साथी आशीष जैन के साथ गुरुवार रात 10.15 बजे अपने साथी से मिलकर घर आ रहे थे। सुवालिया रोड पर कुलदीप किराना के पास सड़क पर कार चालक द्वारा दो टक्कर मार दी। जिससे बाइक में वह दोनों सड़क पर गिर गए।

15 वर्षीय नाबालिग के साथ तीन युवकों ने की मारपीट

ब्यावरा। सिटी थाना अंतर्गत ढकोला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों द्वारा एक 15 वर्षीय नाबालिग के साथ मारपीट कर दी। नाबालिग की शिकायत पर तीनों युवकों पर सिटी थाने में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। नाबालिग ने सिटी पुलिस को बताया वह गुरुवार की शाम में तथा कार्यक्रम में खाना खाकर अपने घर आ रहा था। शाम 4 बजे नदी पुल के पास गिरीश मीणा मांस का हथियार पानी से पुरानी रंजिश को उजागर करते गाली-गलौज करने लगा। जब मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ लाठी से हमला कर दिया। इसके बाद हरिओम ने दो थप्पड़ और आ गए। उन्होंने भी लात-घूंसों से मेरे साथ मारपीट की।

बंदर के हमले से महिला घायल, शाजापुर रेफर

पड़ना। नगर के राजा आसपास के इलाकों में बढ़ी संख्या में बंदरों के हमले बढ़ गए है। बंदरों के हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं। नगर के कांकरिया रोड स्थित अपने घर की छत पर कपड़े सुखाने गई महिला सलमा पत्नी सलीम मंसूरी 45 को बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। वहीं एक 5 साल के बच्चे को आसपास के लोगों द्वारा डराकर और चिल्लाने कर बचा लिया। महिला को जल्द ही निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। महिला के परिजनों ने बताया कि छत पर दो बंदर लड़ते हुए पहुंच गए।

सीएमएचओ के कक्ष में भाई के साथ जाकर शासकीय कार्य में बाधा का है आरोप

अधिकारी को आंख दिखाने वाला लिपिक निलंबित, एफआईआर दर्ज

बिना अनुमति सरकारी कम्प्यूटर व प्रिंटर घर ले जाने की मंशा पर भी लगे सवालिया निशान

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 बाबू ऋषि विजयवर्गीय एवं उसके भाई राहुल पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज हुआ है। साथ ही लगातार गलतियों को देखते हुए जिला कलेक्टर ने भी लिपिक का निलंबन आदेश जारी किया। जहां तक सवाल है विवादों को तो ऋषि का पुराना नाता रहा है। पिछले दिनों ही कर्मचारियों 115सम्म में सहकर्मियों को खुलेआम गालियां देना व सीएमएचओ ऑफिस की ही महिला कर्मचारी के साथ गंदी हरकत करने जैसी बात उजागर होने पर भी शर्मिंदा न होने वाले बाबू की ठसक इतनी बढ़ गई की वह विभाग के जिला अधिकारी सीएमएचओ से जा भिड़े। इस बार मामला किसी निजी अस्पताल की जांच से संबंधित था। जिस पर वह

बाबू व उसके भाई ने सीएमएचओ के कक्ष में जाकर अत्यंत आपत्तिजनक, अपमानित एवं अपमानित व्यवहार किया व शासकीय कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप किया गया। जिस पर राजगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

लिपिक का विवादों से है पुराना नाता

सहायक ग्रेड 3 लिपिक ऋषि विजयवर्गीय पूर्व में भी विवादित रहे है जिनके चलते पूर्व कलेक्टर नरेन्द्र सिंह ने भी इनको सीएमएचओ ऑफिस से हटाने की कार्रवाई की थी। अभी हाल ही में भी वर्तमान कलेक्टर का निर्देश मिला है की एक मामले में ऋषि की जांच के आदेश दिए थे परंतु तु वह। यह रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो पाई परंतु सूत्र बताते है कि उसमें भी दोषी पाए गए है।

सरकारी कंप्यूटर और प्रिंटर घर ले जाने से बढ़ा चोरी का संदेह

पिछले कई दिनों से लगातार उलझे लिपिक ऋषि विजयवर्गीय ने अपने खास सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के गठबंधन से परेशान है महिला कर्मचारी

बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार

कानूनी सुनाने के चलते 8 जनवरी को सीएमएचओ ऑफिस से सरकारी कम्प्यूटर व प्रिंटर बिना किसी अनुमति के अपने घर ले गए। फिर उन्होंने विभाग को अभी तक भी वापस नहीं किया है। सीएमएचओ डॉ सोना पटेल ने बताया कि जल्दी ही कम्प्यूटर एवं प्रिंटर वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल बस हादसा: ड्राइवर सहित स्कूल संचालक पर भी की गई एफआईआर

गत दिवस हुई दुर्घटना में 9 छात्र-छात्राएं हुए थे घायल

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

गत दिवस जिले के खिलचीपुर नगर में हुए स्कूल बस हादसे में 9 छात्र-छात्राएं घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक पर एफआईआर दर्ज करते हुए बस को जब्ती में लिया था। प्रकरण की विवेचना में उक्त स्कूल बस के दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने पर अब स्कूल संचालक व प्रबंधक पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

क्या था पूरा मामला

गत 13 जनवरी को खिलचीपुर एसडीएम कार्यालय के सामने शरमार फाटक एकेडमी की खटारा बस सामने खड़े टैक्टर से पीछे से जा भिड़ी थी। दुर्घटना में 09 बच्चे घायल हुए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था। पुलिस ने उस समय सिर्फ बस के चालक रतन पिता मदनलाल दांगी निवासी हिनोतिया पर प्रकरण दर्ज कर बस को जब्ती में लिया था।

थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि मामले की

विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त स्कूल बस का कोई वैध परमिट साथ ही फिटनेस नहीं थी। यह पूरी तरह से स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को इंगित करता है। ऐसे में अब उक्त दुर्घटना में स्कूल संचालक एवं प्रबंधक शिवचरण दांगी की भी लापरवाही मानते हुए अब उन पर भी विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। संचालक दांगी पर धारा 88\190(1) एवं 88\192(2) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि जिले के विभिन्न निजी स्कूलों में बगैर निर्धारित दस्तावेजों के स्कूल बसों का संचालन हो रहा है। बच्चों की जान के साथ सीधे-सीधे हो रहे इस खिलवाड़ पर अब पुलिस एवं प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

खिलचीपुर में भूमि बंटवारे में लापरवाही उजागर,किसान की शिकायत के बाद पटवारी देवेंद्र मीणा निलंबित

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

जिले की खिलचीपुर तहसील में भूमि बंटवारे से जुड़े एक मामले में लापरवाही सामने आने के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई की है। ग्राम तलावखेड़ निवासी किसान मोहनलाल पिता देवराज यादव की शिकायत पर इत्तला नंबर 33 को पटवारी देवेंद्र मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह मामला भूमि सर्वे क्रमांक 3 सहित कुल 16 खसरों और 5.891 हेक्टेयर रकबे के बंटवारे से संबंधित है। यह प्रकरण नायब तहसीलदार भोजपुर न्यायालय में विचाराधीन है। शिकायत के अनुसार, पटवारी ने बंटवारे से संबंधित फर्द तय समय सीमा में न्यायालय में प्रस्तुत नहीं की थी, जिसके कारण प्रकरण लंबे समय तक लंबित रहा।

पटवारी की गंभीर लापरवाही मिली

किसान मोहनलाल यादव ने इस संबंध में शपथ पत्र के साथ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कंसोलेशन और खातासिंह के कथन भी वादी के रूप में शामिल किए गए थे। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया पटवारी की ओर से गंभीर लापरवाही पाई गई, जिसके बाद राजस्व विभाग ने निलंबन की कार्रवाई की। नियमतः है कि इस मामले को लेकर किसान द्वारा लगाए गए आरोपों और बंटवारे में हो रही देरी से जुड़ी खबर डिजिटल दैनिक पाठक में प्रकाशित हुई थी। इस खबर के बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले का संज्ञान लिया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह कार्रवाई सामने आई।

निलंबन अवधि के दौरान पटवारी देवेंद्र मीणा का मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय खिलचीपुर निर्धारित किया गया है। भूमि बंटवारे का यह प्रकरण फिलहाल नायब तहसीलदार भोजपुर न्यायालय में विचाराधीन है। राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक कार्यों में देरी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण में लापरवाही पर एसडीएम की सख्त कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।

को एसडीएम रोहित बर्फारे द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम नैनवाड़ा धनोरा तथा पवार तहसील के ग्राम सरसी में औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान राजस्व अमले की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम नैनवाड़ा में सरपंच पटवारी आसी पीहान ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाई गई। इस गंभीर लापरवाही को प्रशासनिक अनुशासनहीनता मानते हुए एसडीएम रोहित बर्फारे ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी किए

। इसी क्रम में ग्राम धनोरा एवं पवार तहसील के गांव सरसी में निरीक्षण के दौरान वहां पदस्थ पटवारी मनीष पटीदार एवं गोकर्ण नगर भी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसडीएम द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन,

मंडी व्यापारी का 380 मसूर की बोरी से भरा ट्रक लापता, चालक पर मामला दर्ज

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

कृषि उपज मंडी से भेजा गया मसूर से भरा ट्रक 8 दिन बाद भी दिल्ली नहीं पहुंचा है। मंडी में प्रधान ट्रेडर्स एवं सोलंकी ट्रेडर्स द्वारा संयुक्त रूप से ट्रक में देवराज गुर्जर मसूर भेजी गई थी। लेकिन ट्रक दिल्ली पहुंचने से पहले ही गायब हो गया। मामले में व्यापारियों की शिकायत पर सारंगपुर थाने में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में

खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार

नसी व्यापारी महेश राठौर और उनके साथी व्यापारी मोहनसिंह सोलंकी ने खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक क्रमांक आरजे 06 पीए 6889 में माल्यन से 230 क्विंटल मसूर के 380 बोरे 6 जनवरी को सारंगपुर मंडी से दिल्ली रवाना की किया गया था। निर्धारित समय में ट्रक जो दिल्ली पहुंच जाना था, लेकिन 8 दिन बीत जाने के बावजूद न तो पहुंचा और न ही माल की कोई सूचना व्यापारियों को मिल सकी।

वहां व्यापारी महेश राठौर व मोहन सोलंकी के अनुसार है कि उन्होंने कई बार ट्रक चालक देवराज गुर्जर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है। चालक से संपर्क नहीं हो पाने और ट्रक के अचानक लापता हो जाने से व्यापारियों को संदेह है कि बीच रास्ते में शामिल के साथ मसूर का माल समेत ट्रक को गायब कर दिया है। सारंगपुर थाना प्रभारी अजयसिंह ताड़ ने बताया कि व्यापारियों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। शुरू की मामले की जांच की जा रही है।

धैर्य और सलाह लेकर रोकी जा सकती है आत्महत्या की प्रवृति

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

शहर के शासकीय कॉलेज में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और बढ़ती आत्महत्या की रोकथाम पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मंगलेश सोलंकी ने की। मुख्य वक्ता जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ (मनोचिकित्सा विशेषज्ञ) राहुल राजपूत थे।

उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव के लक्षण, उनसे निपटने के व्यावहारिक तरीके और आत्महत्या रोकथाम के उपायों पर जानकारी दी। कार्यशाला में यह भी सिखाया गया कि कठिन परिस्थितियों में कैसे धैर्य बनाए रखें और मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद लेने में संकोच न करें। कार्यक्रम का समन्वय जिला स्तरीय टास्क फोर्स के नोडल अधिकारी सुरेश गंज भास्कर ने किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने में भूमिका निभाई।

हिन्दू सम्मेलन हाथी, घोड़े, झांकियों के साथ निकाली कलश यात्रा में लोग जय श्री रामश उद्घघोष के साथ सम्मेलन में उमड़ा हिंदू समाज

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ नगर में आयोजित होने विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए बीते करीब एक महीने से की जा रही तैयारियों ने शुक्रवार को सार्थक रूप ले लिया। पूरा शहर भगवामय होकर राम भक्ति और सनातन की अविरल धारा में बहता नजर आया। स्टेडियम में आयोजित हुए हिन्दू सम्मेलन के पूर्व स्थानीय नगर में एक भव्यतम कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में शहर-तहसील एवं सकल हिन्दू समाज ने सम्मिलित होकर इस यात्रा को एतिहासिक बना दिया। निर्धारित समय पर गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों, विभिन्न झांकियों के साथ गज पर सवार संतों के साथ स्थानीय राजमहल से आरंभ

हुई शोभायात्रा नगर के तुलसी चौक, गेन रोड, पारावाल चौक, जलस्तंभ चौक, विरसा मुंडा चौराहा, बाईपास होते हुए खिलचीपुर नगर पहुंची। खिलचीपुर नाके पर खुजनेर रोड तरफ से आई शिव-बारात में सम्मिलित भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह सपन्न करवाया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग इस अद्वितीय एवं एतिहासिक पल के साक्षी बने।

स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

कलश यात्रा का नगर में अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रतिष्ठान संचालकों ललित अग्रवाल द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं सहित अन्य हजारों लोग जय श्रीराम के उद्घघोष लगाते हुए सनातन की गंगा में बहते हुए उसमें मग्न रहे थे।

घर-घर बांटे आमंत्रण-पत्र रात्रि में भव्य आतिशबाजी

इस एतिहासिक हिन्दू सम्मेलन के लिए शोभायात्री स्वयंसेवकों द्वारा बीते गई दिनों से कुछ स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं। नगर के प्रत्येक घर में जहां आमंत्रण-पत्रों का वितरण करवाया गया था वहीं हर गली-मोहल्लों में प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं।

हिन्दू सम्मेलन के पूर्व स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियां

शोभायात्रा के स्टेडियम परिसर पहुंचने पर मंच पर विभिन्न स्कूलों के नौनिहालों सहित अन्य बच्चों एवं प्रतिभाओं द्वारा कई तरह की धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। लोग इन प्रस्तुतियों को देखकर देखकर तालियां बजाते रहे जाए। हवनादि कार्यक्रमों के उपरांत प्रवचन संत श्री उत्तम स्वामी महाराज सहित अन्य संतों के अविरल सानिध्यों को प्राप्त हुए। योगाश्रम से शाम तक चले आयोजन उपरांत आयोजन में सम्मिलित रुकी जनों के लिए सुस्वादु भोज का आयोजन कराया गया।

कृषक जागरुकता , कृषि तकनीक, ई-विकास प्रणाली की दी जानकारी

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

कृषि उत्पादन की नवीन तकनीकों एवं ई-विकास प्रणाली की जानकारी गांवों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत सिमरुर, सचाखड़ा एवं सुवाखेड़ी में हुआ।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह, उपसंचालक कृषि सचिन जैन, सहायक संचालक कृषि वसीम खान, एसएडीओ राहुल पाटीदार तथा कृषि विस्तार अधिकारी अजयपाल सिंह ने किसानों को कृषि उत्पादन की नवीन तकनीकें, सरकारी प्रावधान एवं सब्सिडी इनिशेटिव (सूक्ष्म सिंचाई) के लाभों की जानकारी दी। साथ ही खाद वितरण केंद्रों पर लगने वाली भीड़ से बचने के लिए ई-विकास प्रणाली के माध्यम से घर बैठे ई-टोकन जनरेट कर ओनलाइन खाद बुकिंग की प्रक्रिया को समझाया। इस दौरान अधिकारियों ने चने के खेत का अवलोकन कर फसल की स्थिति, उन्नत उत्पादन तकनीकों एवं संभावित उत्पादन पर चर्चा की।